(145)

न्यायालय श्रीमान अध्यक्ष महोदय राजस्व मण्डल कैम्प भोपाल ‌(म0प्र0)

PBR/निगरानी/रायसेन/भू.रा/2017/4922

पुनरीक्षण क्रमांक ----/2017

नफीस खां पुत्र अहमद खां आयु 35 वर्ष
जाति मुसलमान निवासी व कृषक ग्राम
मूरेलखुर्द तहसील व जिला रायसेन
(म0प्र0) - - - - - - - - - - - - पुनरीक्षणकर्ता

श्री एस॰ ... राय
अभिभाषक द्वारा 29/1-17
प्रस्तुत किया
इन्साफ

विरुद्ध

पप्पूसिह पुत्र बदनसिह यादव आयु 48 वर्ष
निवासी घोंट पिपरिया कृषक ग्राम मुरेलखुर्द
तहसील व जिला रायसेन (म0प्र0) - - - उत्तरदाता

पुनरीक्षण आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 50 म0प्र0भू0रा0 संहिता1959

माननीय महोदय,

पुनरीक्षणकर्ता की ओर से निम्न निवेदन है :-

उत्तरदाता द्वारा अपनी स्वयं की कृषि भूमि स्थित ग्राम मूरेलखुर्द ख॰ क्र॰ 66/1/1/1, 66/2, 75/1/4 रकबा क्रमशः 0॰607, 0॰607, 0॰405 प॰ ह॰ न॰ 54 तहसील व जिला रायसेन का सीमांकन हेतु राजस्व निरीक्षक मण्डल सांची को एक आवेदन सीमांकन हेतु दिनांक 18-5-17 को दिया गया जिसके संबंध मे राजस्व निरीक्षक व हल्का पटवारी द्वारा सीमांकन करने हेतु सूचना पत्र जारी किया गया उक्त सूचना पत्र मे पुनरीक्षणकर्ता का कहीं नाम उल्लेख नही किया गया तथा उक्त सूचना पत्र मे यंह भी उल्लेख नही किया गया कि मेड पडोसी किस तारीख को कितने बजे सीमांकन के दौरान उनकी उपस्थिति मे सीमांकन किया जायेगा । फिर भी सीमांकन वाला - वाला दिनांक 28-5-2017 को किया गया जिससे दुखित होकर यह पुनरीक्षण आवेदन माननीय न्यायालय मे प्रस्तुत किया जा रहा है ।

न्यायालय राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश–ग्वालियर

अनुवृत्ति आदेश पृष्ठ

प्रकरण कमांक PBR / निगरानी / रायसेन / भू.रा. / 2017 / 4922

स्थान तथा दिनांक	कार्यवाही तथा आदेश	पक्षकारों एवं अभिभाषकों आदि के हस्ताक्षर
27–12–2017	आवेदक सूचना उपरान्त भी अनुपस्थित । तीन बार आवाज लगवाई गई, किन्तु आवेदक की ओर से कोई भी उपस्थित नहीं हुआ । अतः प्रकरण आवेदक की अनुपस्थिति के कारण अदम पैरवी में खारिज किया जाता है । अध्यक्ष	